राष्ट्रीय नवीन मेल

रांची, ०३ अगस्त, २०१५

पैनल लायर को मिला प्रशिक्षण

मेदिनीनगर। झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को व्यवहार न्यायालय के सर्वर रूम में पैनल लायर को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें जिले के ३३ आपराधिक मामले के पैनल अधिवक्ता शामिल हुए। मौके पर विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव उत्तम आनंद ने अधिवक्ताओं को कानून के प्रति उत्साह बढ़ाया। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकार से मिलनेवाले सुविधा के बारे में जानकारी दी। कहा कि डीएलएसए का रोल वर्तमान समय में काफी बढ़ गया है। लोग न्याय पाने के उद्देश्य से डीएलएसए का दरवाजा खटखटा रहे हैं। यहां लोगों को सभी तरह की सुविधएं दी जा रही है। डीएलएसए के पैनल अधवक्ता गरीब लोगों

को न्याय दिलाने में मदद कर रहे हैं। मौके पर प्रशिक्षक प्रकाश रंजन ने डीएलएसए के क्रियाकलाप अधिवक्ताओं को कार्य करने की प्रणाली, कोट्र में कार्य करने के तरीके जमानत, पी बारगेनिंग, गवाही, बहस के तरीके के अलावा कई जानकारी दी।

बारिश से जन-जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

सतबरवा(पलामू)। चार घंटे से लगातार हो रही बारिश से प्रखंड क्षेत्र का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। रांकीकला के खैराही मुख्य पथ पर बना पुल शुक्रवार की देर शाम में बह गया। मलय नदी में शमशान घाट डूब गया है। तुम्बागड़ा के अलावे लगभग दर्जनों गांवों का जन संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट गया है। सूचना मिलते ही सतबरवा बीडीओ प्रताप टोप्पा, चतरा सांसद सांसद प्रतिनिधि सोनू सिंकदर, अभाविप के मुकेश कुमार, अनुप कुमार, विकास तिवारी, गुड्डु सिंह समेत दर्जनों लोगों पहुंचकर इसकी जानकारी ली।